**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन, जयपुर**

## प्रदेशवासियों को बधाई दी

## राज्यपाल ने वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन में वर्चुअल भाग लिया

जयपुर, 24 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को राजभवन से उदयपुर- जयपुर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल रूप में भाग लिया। उन्होंने राजस्थान के लिए इसे महत्वपूर्ण बताते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्चुअल रूप में 9 वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ किया। उदयपुर में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को उन्होंने हरी झंडी दिखाकर उसका वर्चुअल उद्घाटन किया।

-------



## राज्यपाल श्री मिश्र से शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 24 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से उत्तरप्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपालसिंह ने राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

---------

